पाठ 15. लिंकन का पत्र (केवल पढ़ने के लिए)

पाठ की भूमिका

इस पाठ का उद्देश्य बच्चों में तदनुरूपता संबंधी कौशल विकसित करना है ताकि वे अपरिचित परिस्थितियों में जीवन को समझने में सक्षम हो सकें। अपने बच्चे के अध्यापक के नाम लिखे इस पत्र में भूतपूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन ने इस बात की साफ़-सुथरी और मज़बूत तस्वीर सामने रखी है कि मनुष्य को अच्छा और सच्चा मनुष्य बनाने के लिए किस तरह की शिक्षा और वातावरण की ज़रूरत है।

अध्यापन संकेत

यह पाठ केवल मौखिक पठन के लिए है। बच्चों के व्यक्तित्व विकास से संबंधित गुणों की चर्चा करें। लिंकन के जीवन से घटित कुछ घटनाओं का उल्लेख किया जा सकता है। पत्र-लेखन कला के बारे में बच्चों को जानकारी दें। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए किन-किन प्रयासों की आवश्यकता है, इसके बारे में भी चर्चा करें।